# पार्षदों ने मतदान कर अविश्वास प्रस्ताव पारित किया, अध्यक्ष पद शून्य घोषित

■ 31 पार्षद सहित विधायक ने किया मतदान

**लालसोट** । उपखंड मुख्यालय स्थित नगर पालिका में अध्यक्ष के खिलाफ 31 पार्षद सहित विधायक रामबिलाश मीणा द्वारा मतदान कर शुक्रवार को नगरपालिका स्थित बनाए मतदान केंद्र मे मतदान के लिए नियुक्त किए जिला परिषद सीईओ धारासिंह मीणा व एसडीएम नरेंद्र मीणा अविश्वास प्रस्ताव को पारित किया गया।

नगर पालिका लालसोट अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को लेकर एक ही बस में सवार 31 नगर पालिका के पार्षद शुक्रवार को करीब 11 बजकर 5 मिनट पर लालसोट नगर पालिका स्थित मतदान केंद्र पहुंचे। जहां पार्षदों को है विश्वास प्रस्ताव के लिए होने वाले मतदान के लिए बने मतदान केंद्र में घुसने से पहले पहचान पत्र जांच कर कड़ी सुरक्षा के बीच ही जाने दिया गया। इसके बाद मतदान केंद्र के अंदर ही पार्षदों की बैठक हुई व 12 बचकर 35 मिनट पर पालिका अध्यक्ष के खिलाफ 31 पार्षद एवं विधायक रामविलास मीणा सहित 32 लोगों द्वारा मतदान किया गया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष सहित चार पार्षद मतदान केन्द्र में नहीं पहुंचे। नगर पालिका की अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास को लेकर हुए



लालसोट पालिका अध्यक्ष के खिलाफ विश्वास प्रस्ताव पर मतदान के बाद विक्ट्री दिखाते सभी पार्षद।

मतदान में 35 पार्षदों में से 31 पार्षदों द्वारा व विधायक रामविलास मीणा सहित 32 लोगों ने मतदान अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास के रूप में मत पेटी में डाले गए।

वही विश्वास के लिए हुए मतदान की गणना में वर्तमान अध्यक्ष रक्षा मिश्र के खिलाफ विश्वास एवं चुनाव की जिम्मेदारी संभाल रहे नियुक्त अधिकारी जिप सीईओ धारा सिंह मीणा ने मतदान का परिणाम सार्वजनिक करते हुए विश्वास प्रस्ताव बता कर मौजूद पालिका अध्यक्ष का पद रिक्त व शून्य घोषित किया गया जिसकी सूचना सरकार व उच्च अधिकारियों को देने की कही गई। सभी पार्षदों एवं विधायक द्वारा कहा गया की अध्यक्ष लगातार पद के दुरुपयोग करने सहित भ्रष्टाचार एवं तानाशाही एवं मनमाना रवैया अपनाने में लगी हुई थी इसी के कारण विश्वास लाया गया है। मतदान करने को लेकर पहुंचे सभी पार्षदों से उनको बाड़े बंदी या फिर किसी दबाव में लाने के सवाल पर सभी पार्षदों ने कहा कि वे स्वतंत्र है एवं किसी के दबाव में नहीं है खुद की इच्छा से ही अविश्वास पर मतदान करने आए हैं। पालिका अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव मतदान के बाद सभी पार्षदों को दोबारा से बस से कर किसी अज्ञात स्थान के लिए रवाना कर दिया गया। पालिका अध्यक्ष के प्रति अविश्वास को लेकर 29 दिसंबर को पार्षदों द्वारा जिला कलेक्टर को ज्ञापन सोपा था जहां जिप सीईओ को पर्यवेक्षण अधिकारी नियुक्त कर उनकी देखरेख में 12 जनवरी अविश्वास प्रस्ताव की बैठक व मतदान की तिथी तय की गई थी। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामचंद्र नेहरा एवं नांगल राजावत क्षेत्र के डिप्टी एसपी मानाराम गर्ग सहित लालसोट मंडावरी रामगढ़ पचवारा झापदा आदि थाना क्षेत्र की पुलिस में थाना अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था के लिए तैनात किया गया। वहीं पूरे मामले को लेकर पालिका अध्यक्ष रक्षा मिश्रा ने कहा कि अधिकारी दबाव में कार्य कर गलत तरीके से बैठक आयोजित कर राजनीतिक तौर पर हस्तक्षेप के चलते यह विश्वास लाने में कामयाब साबित हुए हैं जिसे वह पूरी तरह गैर विधिक मानती हैं।

उन्होंने कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री महिलाओं को सशक्त वह मजबूत करने की दिशा में कार्य करने का दम ठोकते हैं वही दूसरी ओर पूर्वी राजस्थान की एकमात्र सामान्य वर्ग ब्राह्मण वर्ग की महिला पालिका अध्यक्ष को इस तरह गैर विधिक तरीके से अध्यक्ष कर पद पर अविश्वास लाना उनके महिला अधिकारों और सैवेधानिक अध्यक्ष पद के दिए अधिकारों का हनन है। उन्होंने कहा कि वह इस मामले को लेकर न्यायपालिका में दस्तक देगी उनको न्याय प्रणाली पर पूरा भरोसा है।

## 'योजनाओं को पात्र लोगों तक पहुंचाएं'

**टोंक।** विकसित भारत संकल्प यात्रा (शहरी अभियान) के तहत टोंक शहर में कैम्पो का आयोजन किया जाएगा। अभियान की सफलता हेतु एवं अधिक से अधिक लाभार्थी लाभान्वित हो सके। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एस एस अग्रवाल ने शुक्रवार को राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केद्रों के चिकित्सा अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ मीटिंग का आयोजन किया।

मीटिंग के अंतर्गत शहरी क्षेत्रो में पात्र व्यक्तियो के आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना में शतप्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य प्राप्त करने हेतु निर्देश दिए। इसके अलावा मरीजो की एनसीडी स्क्रिनिंग, टीबी स्क्रिनिंग करने के निर्देश दिये एवं चिकित्सा विभाग की योजनाओ से पात्र व्यक्तियो को शत प्रतिशत लोगो को लाभान्वित करने के निर्देश दिये। इस बैठक में डिप्टीसीएमएचओ डॉ महबूब खान, आरसीएचओ डॉ गोपालजांगिड, डीपीएम देवराज गुर्जर, युपीएम सिंह रामगुर्जर, डीएनओ रामकल्याण शर्मा, डीआईईसी टिंकूराय, डीपीसी अजय सिंह, डॉ राहुल श्रीवास्तव, डॉ पूनम गर्ग, हरिनारायण यादव, आदि उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### युवा दिवस मनाया

**मंडावरी।** कस्बे स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में युवा दिवस को कैरियर डे के रूप में अयोजित किया गया। युवा दिवस कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद के चित्र पर दीप प्रज्वलितकर माल्यार्पण कर किया गया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कन्या महाविद्यालय हिंदी साहित्य के सहायक आचार्य रघुवीर सिंह ने उपस्थित युवाओं से युवा दिवस के मौके पर आवन करते हुए कहा कि युवाओं को सृजनात्मक क्षेत्र में खुद की भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में देश युवाओं की संख्याओं से भरपूर है ऐसे में देश को ऊर्जावान युवाओं की सकारात्मक सोच कम मिले तो देश तेजी से तकनीकी क्षेत्र एवं विभिन्न सकारात्मक एवं सृजनात्मक क्षेत्र में विकसित होगा। इस दौरान डॉक्टर रघुवीर सिंह ने युवा दिवस पर खुद के द्वारा स्वरचित कविता वह थे संत विवेकानंद कविता सुनकर ओजस्वी भाव अभिव्यक्त किया गया। युवा दिवस के मौके पर राजकीय कन्या महाविद्यालय की युवा छात्र पिंकी प्रजापत सुमन वैष्णव ज्योति चौहान आदि कॉलेज छात्राओं ने भी विवेकानंद के जीवन परिचय जीवन दर्शन एवं रामकृष्ण मिशन के बारे में चिंतन व्यक्त किया। इस मौके पर कॉलेज की डॉ उर्मिला शर्मा डॉ. आकिब महिला व डा प्रीति भट्ट डा रश्मि मीणा व पवन नैनावत ने भी विवेकानंद के वेदांत दर्शन आत्म ज्ञान दर्शन नई विधायक चिंतन एवं युवा चेतना पर युवाओं को प्रेरित करने के लिए उद्बोधन दिया गया।

### कैरियर-डे मनाया

**श्रीमाधोपुर।** श्रीराम महाविद्यालय मे स्वामी विवेकानंद की जयंती को केरियर डे के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉक्टर सुदर्शन सैनी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके की। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद का भारतवर्ष में योगदान का बखान करते हुए उन्होंने बताया कि किस प्रकार उन्होंने शिकागो विश्व सर्व धर्म सम्मेलन में लगातार 72 घंटे शुन्य पर संपूर्ण विश्व को भाषण से स्तब्ध कर दिया । युवा देश के निर्माण में अपने संपूर्ण भागीदारी निभाई। स्वामी विवेकानंद का राजस्थान से विशेष लगाव रहा। खेतड़ी के महाराजा अजीत सिंह द्वारा बुलावे पर यह राजस्थान आए। इनके प्रचलित उद्घोष उठो जागो तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए। इस अवसर पर सभी को अपनी मंजिल की ओर बढ़ने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय व्याख्याता सुरेश सैनी, दीपेश सांखला, विनोद वर्मा, मुकेश सैनी, दीपिका, वह योगेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# 'गरीबों को उनका हक दिलाने के लिए सरकार ने मेरी ड्यूटी लगाई'

**किशनगढ़ बास।** विकसित भारत संकल्प यात्रा किशनगढ़ बास की ग्राम पंचायत मोठूका में पहुंची। जहां प्रधानमंत्री मोदी गारंटी वेन के पहुंचने पर ग्राम की महिलाओं व पुरुषों ने स्वागत किया और अधिकारियों ने कैंप कर भारत सरकार की योजनाओं की जानकारी दी।

भारत सरकार की योजना के तहत द्वितीय चरण दोपहर 2 बजे बाद मोठूका में लगे कैंप का निरीक्षण करने पहुंचे पूर्व विधायक रामहेत यादव ने ग्रामीणों व अधिकारी कर्मचारियों को विकसित भारत के संकल्प की शपथ दिलाई। भारत सरकार की योजना के तहत 18 राजीविका स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को 31 लख रुपए का स्वीकृत ऋण चेक प्रदान किया व प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत लाभार्थी महिलाओं को गैस कनेक्शन वितरण किया व नैनो ड्रेन के माध्यम से किस के खेत में किए गए छिड़काव का शुभारंभ किया। पूर्व विधायक यादव ने लाभार्थियों



पूर्व विधायक रामहेत यादव ने किशनगढ़ बास के गांव मोठूका में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को चेक प्रदान किया।

एवं ग्रामीणों को इस मौके पर संबोधित करते हुए कहा गरीब कल्याण के लिए केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार पूरी तरह से संकल्पित है। गरीबों के पक्के मकान बने कोई बिना छत के नहीं रहे। किसान की आय दुगनी हो। स्वयं का रोजगार शुरू करने के लिए बैंक से बिना ब्याज के पैसा मिले। हम सबका कर्तव्य बनता है की कोई जरूरतमंद व्यक्ति सरकार की योजनाओं का लाभ लेने से नहीं छूट पाए। उन्होंने कहा हारा हुआ विधायक हूं सरकार ने ड्यूटी लगाई है ।जिला कलेक्टर हनुमान मल ढाका ने बताया गुरुवार को यात्रा जिले की पंचायत समिति मुंडावर की ग्राम पंचायत सराय कलां व बल्लुवास, किशनगढबास पंचायत समिति की ग्राम पंचायत धमुकड व बाघोडा, पंचायत समिति तिजारा की ग्राम पंचायत हमीराका व जोजाका में पहुंची जहां अधिकारियों ने कैंप कर सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार किया और रजिस्ट्रेशन कर लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलाया।

## बच्चों ने आईटीआई का अवलोकन किया

**श्रीमाधोपुर।** कस्बे के महात्मा गांधी इंटरनेशनल सीबीएसई स्कूल के बच्चों ने राष्ट्रीय युवा सप्ताह एवं व्यवसायिक कौशल दक्षता प्रदशनी के अंतर्गत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान श्रीमाधोपुर में तकनीकी मशीनों का अवलोकन किया।

को-ऑर्डिनेटर अक्षय सैनी ने बताया की राष्ट्रीय युवा सप्ताह एवं व्यवसायिक कौशल दक्षता प्रदशनी के अंतर्गत विद्यालय के विद्यार्थियों ने सरकारी आईटीआई में जाकर वहां के तकनीकी मशीनरी का अवलोकन किया वहाँ उपस्थित इंस्ट्रक्टरो से मशीनों की कार्यविधि के बारे में जानकारी ली, इस अवसर पर बच्चों में काफी उत्साह है व जिज्ञासा देखने को मिली इस अवसर पर निर्देशक मोहर सिंह खर्रा, प्राचार्या कवलजीत कौर, उप प्राचार्य मनीष कुमार सहित विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा इससे पहले विद्यालय में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती युवा दिवस के रूप में मनाई गई जिसमें स्टाफ व बच्चों ने स्वामी जी के जीवन व उनके आदर्शों के बारे में अपने-अपने विचार व्यक्त किया।

# हादसे में तीन गंभीर घायल

**मालपुरा** (निस) शहर से होकर गुजर रहै जयपुर भीलवाडा स्टेट हाईवे पर फलौदी बालाजी रिलायंस पैट्रोल पम्प के पास शुक्रवार की दोपहर गौवंश को बचाने के दौरान दो बाईको मे आमने-सामने की हुई भिडंत मे बाईक सवार पति-पत्नि सहित तीन जने गंभीर रूप से घायल हो गये।

मालपुरा अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद ट्रॉमा सेन्टर के अभाव मे तीनो घायलो को जयपुर के लिए रैफर किया गया। शुक्रवार की दोपहर चांदसेन से मालपुरा की और आ रही बाईक की सामने से जा रही बाईक से हुई आमने-सामने की भिंडत मे बाईक सवार बंटी जांगिड पुत्र हनुमान जांगिड निवासी चैनपुरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मालपुरा अस्पताल मे एक साथ तीन घायलो के पहुंचने के बावजूद अस्पताल मे सीनियर नर्सिग स्टाफ व चिकित्सको की अतिरिक्त व्यवस्था इमरजेंसी वार्ड मे नही होने से नर्सिग छात्र ही गंभीर घायलो के उपचार का प्रयास करते देखे गये। इतना ही नही घायलो को मुख्य गेट से वार्ड तक लाने व ले जाने के लिए वार्ड बॉय व स्टेचर तक उपलब्ध नही होने से घायलो को मौजूद आमजन ही वार्ड तक उठाकर ले गये। ट्रॉमा सेन्टर के अभाव मे मौजूद चिकित्सक ने बुरी तरह फैक्चर व सिर मे गंभीर चोटो के बावजूद घायलो को ट्रॉमा सेन्टर के बजाय टोंक मुख्यालय के लिए रैफर कर दिय। परिजनो द्वारा बार-बार जयपुर ट्रॉमा सेन्टर के लिए एम्बूलेंस के लिए कॉल करते रहै लेकिन जयपुर के लिए गंभीर घायलो को एम्बूलेंस नही मिलने से परिजन निजी वाहनो से घायलो को जयपुर लेकर पहुंचे। मालपुरा अस्पताल मे इस प्रकार की भारी अनियमित्ताऐं बार-बार सामने आने के बावजूद प्रशासन द्वारा व्यवस्थाओं मे सुधार व लापरवाह के विरूद्ध कार्यवाही नही करने का खामियाजा घायलो को उठाना पड रहा है। पीएचईडी मंत्री के विधानसभा मुख्यालय पर सरकारी अस्पताल मे इस प्रकार की भारी अनियमित्ताऐं सामने आना कई तरह के सवालियां निशान खडे कर रहा है। आखिर अस्पताल प्रशासन एवं जिला व उपखण्ड चिकित्सा प्रभारी लापरवाह कार्मिको के विरूद्ध कार्यवाही से क्यों कतरा रहै है तथा मुख्यालय के सबसे बडे अस्पताल मे सुविधाओं विस्तार क्यों नही किया जा रहा है।

## 'संकल्प यात्रा महत्वपूर्ण साबित होगी'

**खाटूश्यामजी** । केन्द्रीय सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने और संबंधित व्यक्ति तक उस योजना का लाभ पहुंचे इस हेतु शुक्रवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा पलसाना पंचायत समिति के धींगपुर और लाडपुर पहुंचने पर ग्राम सरपंच गीता देवी और शारदा देवी सीमार के साथ ठाामवासियों ने उत्साहपूर्वक यात्रा का स्वागत किया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा उपखंड दांतारामगढ वैन के प्रभारी राजेंद्र सरोज ने बताया कि प्रधानमंत्री फ्लैगशिप योजनाओं में सत्रह ऐसी योजनाओं यथा उज्जवला, किसान सम्मान, जन धन, अटल पेंशन किसान क्रेडिट कार्ड योजना आदि की जानकारी तथा मौके पर उपस्थित लोगों में से उस मापदंड में आने वाले लोगों को लाभ दिया गया। साथ ही उनका पंजीयन भी किया।शिविर के दौरान भाजपा प्रत्याशी रहे गजानंद कुमावत, प्रधान पलसाना सुश्री सुनीता वर्मा सहित सभी उपस्थितजनों को विकसित भारत की शपथ दिलाई साथ ही डे प्रभारी अतिरिक्त विकास अधिकारी बलवीर सिंह ने ऑनलाइन क्विज कराई।

# अवैध खनन की रोकथाम को लेकर कलेक्टर ने बैठक ली

**किशनगढ़ बास / खैरथल ।** जिला कलक्टर हनुमान मल ढाका की अध्यक्षता में जिला सचिवालय खैरथल-तिजारा पर अवैध खनन की रोकथाम को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में भिवाड़ी एसपी डीआईजी योगेश दाधीच, एसपी खैरथल सुरेंद्र सिंह, सीईओ किशनगढबास सुरेश कुडी डीएफओ माइनिंग एवं ट्रांसपोर्ट सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

जिला कलेक्टर ढाका ने बैठक में अधिकारियों को अवैध खनन पर सख्ति से रोकथाम के लिए निर्देशित करते हुए कार्रवाई कर अवैध खनन पर लगाम लगाने के लिए निर्देश दिए । कलेक्टर ने पुलिस, जिला प्रशासन, वन विभाग, परिवहन विभाग तथा खान विभाग के अधिकारियों को संयुक्त अभियान चलाकर अवैध खनन माफियाओं के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने के लिए कहा है। जिससे अवैध खनन पर अंकुश लगाया जा सके। जिला कलेक्टर ने भविष्य में अवैध खनन की रोकथाम सुनिश्चित कराने के साथ एक टास्क फोर्स गठित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में जिला कलेक्टर पुलिस व माइनिंग वन अधिकारियों से अवैध खनन के संबंध में जानकारी लेते हुए आदेश किए हैं।

भिवाड़ी एसपी डीआईजी योगेश दाधीच ने जिले के पुलिस अधिकारियों को खनन माफिया पर सख्त कार्रवाई करने के लिए बैठक में निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जब सख्ती से कानून की पालना सुनिश्चित होगी, तभी अवैध खनन करने वालों में भय पैदा कर अवैध खनन को रोक पाएंगे। एसपी खैरथल सुरेंद्र सिंह ने अवैध खनन की रोकथाम को लेकर निर्देशित करते हुए पुलिस अधिकारियों को संयुक्त अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई के लिए कहा।

जिला कलेक्टर ने बैठक में अधिकारियों को कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि जिलेभर में खनन कार्य नियमों के अनुरूप ही हो, ताकि अवैध खनन पर अंकुश लगे और वैध खनन ही हो पाए।

## पंजीकरण प्लेट लगाने का समय तय

**दौसा।** परिवहन विभाग द्वारा 1 अप्रैल 2019 से पूर्व पंजीकृत हुए पुराने वाहनों पर तीसरे पंजीकरण चिन्ह सहित उच्च सुरक्षा पंजीकरण पेट लगाने की समय सीमा निर्धारित की गई है। जिला परिवहन अधिकारी पी आर मीना ने बताया कि समस्त वाहन स्वामी जिनके वाहन 1 अप्रेल 2019 से पूर्व पंजीकृत है उनके पुराने वाहनों पर तीसरे पंजीकरण चिन्ह सहित उच्च सुरक्षा पंजीकरण प्लेट एचएसआरपी लगाई जानी हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे वाहन जिनके पंजीयन क्रमांक का अंतिम अंक एक अथावा दो है उनकी उच्च सुरक्षा पंजीकरण प्लेट लगाने की समय सीमा 29 फरवरी 2024 है, ऐसे वाहन जिनके पंजीयन क्रमांक का अंतिम अंक तीन अथावा चार है उनकी उच्च सुरक्षा पंजीकरण प्लेट लगाने की समय सीमा 31 मार्च 2024 है। ऐसे वाहन जिनके पंजीयन क्रमांक का अंतिम अंक पांच अथावा छः है उनकी उच्च सुरक्षा पंजीकरण प्लेट लगाने की समय सीमा 30 अप्रेल 2024 है ।

# टोंक में राष्ट्रीय युवा दिवस संपन्न

**टोंक।** नेहरू युवा केंद्र, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना राजकीय महाविद्यालय टोंक के सहयोग से सभागार में शुक्रवार राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला प्रमुख सरोज नरेश बंसल, विशिष्ट अतिथि राजेंद्र पराणा, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय से ऋतु दीदी, दिनेश बुंदेल रहें। लाइव प्रसारण की शुरुआत दिनेश बुंदेल के वंदे मातरम उद्बोधन के साथ शुरू हुआ।

युवाओं को संबोधित करते हुए जिला प्रमुख ने कहा कि युवाओं के उठो जागो और तब तक मत रुको जब तक तुम्हें तुम्हारे लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए'। 'खुद को कमजोर समझना सबसे बड़ा पाप है । स्वामी विवेकानंद के ऐसे विचारों से लोगों और विशेषकर युवाओं के भीतर क्रांति पैदा होती है। स्वामी विवेकानंद ने अपने संपूर्ण जीवन को देश के प्रति समर्पित कर दिया।

राजेंद्र पराणा ने कहा इस साल 2024 में स्वामी विवेकानंद की 161वीं जयंती मनाई जा रही है, स्वामी विवेकानंद समाज सुधारक और सेवक होने के साथ ही आध्यात्मिक गुरु भी थे, जिन्होंने देश-दुनिया को धर्म व अध्यात्म का पाठ पढ़ाया। उनके द्वारा दिए संदेश और उनके विचार युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बन गए। महाविद्यालय प्राचार्य लोकेश कुमार शर्मा ने स्वामी विवेकानंद के जीवन प्रकाश डाला।

स्वामी विवेकानंद के विचार आपको सफलता की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करेंगे और इससे आपका जीवन बदल जाएगा। कार्यक्रम के अंत में जिला युवा अधिकारी हितेश कुमार ने पधारे हुए सभी अतिथियों एवं जिलेभर से पधारे युवाओं का आभार व्यक्त किया।

## 'प्रगतिशील मार्ग पर चले'

**लालसोट।** उपखंड की अशोक शर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं राजकीय बालिका माध्यमिक विद्यालय में युवा दिवस के मौके पर कैरियर डे के रूप में कार्यक्रम आयोजित किया गया। लालसोट में स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन लाल पारीक की अध्यक्षता में केरियर डे का आयोजन किया गया उन्होंने स्वामी विवेकानंद के जीवन से सीख लेने के लिए प्रेरित किया एवं अपने भविष्य को खुशहाल बनाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में केरियर निर्माण के बारे में बताया, इस अवसर पर केरियर डे प्रभारी राजू लाल मीणा ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डाला एवं एग्रीकल्चर के क्षेत्र में ,अशोक कुमार गुप्ता, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, नवीन फुलवरिया ने विज्ञान वर्ग में ,ललित चतुर्वेदी ने वाणिज्य वर्ग ,में रमेश चंद्र मीणा ने कला वर्ग में, ज्योति कुमावत ने चित्रकला के क्षेत्र में, रामनारायण मीणा ने रक्षा क्षेत्र में राजेश कुमार मीणा ने प्रकाश डाला।

# देवांगी का गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज

■ 4 साल की उम्र से योगा क्लास व घर पर नियमित अभ्यास कर देवांगी ने बनाया 2 घंटे 15 सैकंड का वर्ल्ड रिकॉर्ड

**खैरथल ।** निरोगी काया के लिए योग कितना महत्वपूर्ण है यह 8 साल की मासूम बालिका देवांगी लालवानी ने गोल्डन बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज कराकर साबित कर दिया है कि अगर हौसले बुलंद हो तो पंख अपने आप उड़ान भरने लगते हैं।

कक्षा चार मे अध्यनरत 8 साल की नन्ही बालिका देवागी लालवानी ने विद्यालय की ओर से भूमि नमन योग आसन में भाग लेकर 2 घंटे 15 सेकंड तक भूमि नमन योग में प्रथम स्थान दर्ज कराकर खैरथल की बालिका ने गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया।

खैरथल निवासी गोविंदराम लालवानी व माता उषा देवी ने बताया कि देवागी नियमित सुबह उठकर योगा क्लास के साथ घर पर रहते हुए 4 से 5 घंटे योगासन व भूमि नमन अभ्यास करती थी। पिता गोविंद लालवानी बताते हैं कि देवांगी जब 4 साल की थी उस समय से मेरे साथ योगा क्लास जाने लगी थी धीरे-धीरे योगा क्लास के साथ देवागी घर पर रहते हुए योगाभ्यास करती थी। देवांगी बताती है कि योगा क्लास में कोच हरिओम सैनी थे और घर पर कोच मम्मी हुआ करती थी। देवांगी कहती हैं लंबे समय तक योगासन करने की प्रेरणा मुझे कोच हरिओम सैनी व मम्मी से मिली है। गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में देवांगी का नाम दर्ज होने पर मम्मी उषा देवी व पिता गोविंद लालवानी सहित परिवारजन में खुशी का माहौल है।

# मालपुरा में विवेकानन्द जयंती पर 511 यूनिट रक्तदान हुआ

**मालपुरा** (निस) सेवा भारती समिति एवं रोटरी क्लब मालपुरा सिटी के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को स्वामी विवेकानन्द जयंति समारोह आयोजित कर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

मालपुरा शहर के महेश सेवा सदन व लाम्बाहरिसिंह कस्बे मे आयोजित विशाल रक्तदान शिविर मे पहुंचे रक्तदाताओं ने अब तक हुये सभी रक्तदान शिविरो के रिकॉर्ड तोड 511 यूनिट रक्तदान कर स्वामी विवेकानन्द द्वारा दिये संदेश उठो, जागो, लक्ष्य प्राप्ति तक रूको मत, को साकार करते हुए रक्तदान महादान किया। राज्य सरकार ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग मंत्री व क्षैत्रिय विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने विवेकानन्दजी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवल्लित कर जयंति समारोह व रक्तदान शिविर का शुभारम्भ किया। इस दौरान सेवा भारती के क्षैत्रिय संगठन मंत्री एवं वरिष्ठ प्रचारक मूलचंद सोनी, सेवा भारती के प्रांत संगठन मंत्री द्वारका प्रसाद,



मालपुरा मे सेवा भारती समिति एवं रोटरी क्लब की ओर से रक्तदान शिविर आयोजित हुआ।

पालिका अध्यक्ष सोनिया सोनी, पूर्व पालिका अध्यक्ष राजकुमार जैन, मधुसुदन पारीक, बार अध्यक्ष रवि कुमार जैन व जिला आयोजना समिति सदस्य व पार्षद डॉ. अंकित जैन ने 22 जनवरी को अयोध्या मे आयोजित राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के राष्ट्रीय समारोह के पोस्टर का विमोचन करते हुए प्रत्येक हिन्दु परिवार ही नही अपितू हर भारतीय नागरिक से अपने घर मे 51 दीपक जला दीपोत्सव का पर्व मनाये जाने की अपील की। सेवा भारती समिति की और से पीएचईडी मंत्री को दो ज्ञापन सौंपे गये जिन पर केबिनेट मंत्री ने दोनो मांगो को आमजन हितार्थ व क्षैत्र की अतिआवश्यक मांगो मे शामिल करते हुए कहा कि जल्द मालपुरा के सरकारी अस्पताल मे ट्रॉमा हॉस्पिटल व ब्लड बैंक व चिकित्सा विभाग से स्वीकृति जारी करवा निर्माण व शुभारम्भ होगा। दुसरी मांग मे पालिका अध्यक्ष सोनिया सोनी ने डेयरी तिराहे पर जल्द स्वामी विवेकानन्द स्मारक निर्माण को अपनी सहमति प्रदान की। केबिनेट मंत्री ने रक्तदाताओं को प्रशंषा पत्र व विवेकानन्द जी का छाया चित्र दे उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि मालपुरा विधानसभा क्षेत्र का विकास उनकी पहली प्राथमिकता होगी साथ ही मालपुरावासियो को जिला मुख्यालय की वो सभी सुविधाऐं भी मिलेगी। जिनकी उन्है बेशब्री इंतजार था। क्लब अध्यक्ष डॉ. अंकित जैन व प्रवक्ता भानू प्रताप नामा ने बताया कि लाम्बाहरिसिंह मे आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारम्भ पुलिस उपाधिक्षक चक्रवर्ती सिंह राठोड ने किया ।

## अवैध खनन पर चलाया जाएगा अभियान

**टोंक।** जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सौम्या झा ने कहा कि अवैध खनन को रोकने को लेकर जिले में आगामी दिनों में अभियान चलाया जाएगा।

सख्त एवं प्रभावी कार्रवाई से ही जिले में हो रहे अवैध खनन पर लगाम लगेगी। उन्होंने कहा कि राजस्व, खनिज विभाग पुलिस, वन एवं परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त अभियान चलाकर खनन माफिया के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएं। जिला कलेक्टर ने अवैध खनन की रोकथाम सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ. सूरज सिंह नेगी को जिला स्तरीय टास्क फोर्स टीम गठित करने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने अवैध खनन रोकने से जुड़े अधिकारियों को कहा कि वे अपने सूचना तंत्र को मजबूत करें और एक्शन प्लान बनाकर कार्य करें। जिले में चेक पोस्ट एवं गश्त के माध्यम से अवैध खनन के परिवहन को रोकने की प्रभावी कार्रवाई करें। अवैध खनन में किसी भी सरकारी कर्मचारी की मिलीभगत सामने आने पर कठोर कार्रवाई अमल में लाई जावेगी।

# विवेकानंद जयंती पर हिन्दुत्व रैली निकाली



हिन्दुत्व रैली में विभिन्न झांकियां सजाई गई।

**दूदू।** जिला मुख्यालय पर स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर अखंड हिन्दुत्व रैली का आयोजन किया । इस अवसर पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में आयोजित समारोह के दौरान श्याम सिंह एमआरएस के स्वतंत्र कुमार शर्मा ने मौजूद आमजन को स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर विस्तार से जानकारी दी । पश्चात गणेश मंदिर से ध्वज पूजन के बाद शोभायात्रा में विभिन्न झांकियां सजाई जाकर शाही लवाजमे के साथ शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए वापसी गणेश मंदिर पहुंची । शोभा यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया । शोभायात्रा में महिलाओं ने रंग बिरंगे परिधानों में भाग लिया । इस दौरान पुलिस प्रशासन एवं प्रशासनिक अधिकारी में जाब्ते के साथ मौजूद रहे । स्थापना दिवस समारोह मनाया। रोटरी क्लब भवन सभागार में दूदू रोटरी क्लब का स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया इस अवसर पर क्लब के चार्टर अध्यक्ष स्वर्गीय रामसहाय पुरोहित द्वारा शुरू किए गए रोटरी क्लब में अब तक किए गए जनकल्याणकारी कार्यक्रमों पर विस्तार से जानकारी दी गई और आगामी विकास योजनाएं पर विचार किया गया